भारतीय जनता पार्टी के ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने है : मोतीलाल

'सदस्यता अभियान के माध्यम से आमजन तक पहुंचने का कार्य करना है'

निवाई । भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर नगर पालिका परिसर में विधायक रामसहाय वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीना मुख्य अतिथि रहे। प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीना ने कहा कि हमें घर-घर जाकर भारतीय जनता पार्टी के ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाना है। प्रत्येक बूथ स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कर हमें नए सदस्य बनाने चाहिए।

विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों को भी हमें सदस्यता अभियान के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। भाजपा सदस्यता अभियान को हमें संगठन पर्व की तरह मनाना चाहिए। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में नई जन कल्याणकारी नीति आमजन के लिए है।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में प्रदेश महामंत्री मोतीलाल और विधायक रामसहाय वर्मा का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रधान रामअवतार लांगडी, अजय तिवारी, सतनारायण चंदेल, रामप्रसाद शर्मा, करण सिंह, जीतपाल गुर्जर, दुर्गाशंकर सेन, पारस जैन, एडवोकेट तेजभंवर सिंह, बुधराम मीणा, जितेंद्र धारवाल, प्रहलाद सैनी, सत्यनारायण जायसवाल, आसाराम डोई, हरी करीरिया, हनुमान रजवास, चिरंजीलाल झापड़ी व सियाराम शर्मा सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

निवाई में भाजपा की बैठक को भाजपा महामंत्री मोतीलाल मीना (दाये से चौथे) ने सम्बोधित किया।

विज्ञान बाल मेले का आयोजन : निवाई राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग एवं एसआईईआरटी उदयपुर के निर्देशानुसार भरथला विद्यालय में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। विज्ञान मेला प्रभारी चांदमल सेन ने बताया कि विद्यालय के जूनियर एवं सीनियर वर्ग में विद्यार्थियों द्वारा सात अलग-अलग विषयों पर आधारित मॉडल का निर्माण किया गया।

■ घर-घर जाकर भारतीय जनता पार्टी के ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने है

प्रधानाचार्य गिरिराजप्रसाद गुर्जर द्वारा मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे मेलों के आयोजन से बालकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्क शक्ति और नवाचारों का विकास होता है। मेले में कृषि के लिए नवाचार, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, मिसाइल आधारित मॉडल, जल शुद्धीकरण संयंत्र और विविध प्रकार के मॉडल का निर्माण कर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य एवं अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों का सम्मान किया गया। विजेता सभी विद्यार्थी 7 से 9 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय विज्ञान मेले में भरथला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

शिक्षक की याचिका का निस्तारण

मालपुरा, (निस) क्षेत्र के टोरडी गांव निवासी सेवानिवृत शिक्षक सत्यनारायण जैन व अन्य की याचिकाओं पर मंगलवार को हुई सुनवाई में कम्यूटेशन की राशि सेवा निवृति के 14 वर्ष तक वसुलने जबकि वसुली होनी चाहिए 1० वर्ष 8 महिने के मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई पर जस्टिस अनुप कुमार दण्ड की एकल पीठ ने हुई सुनवाई पर अदालत में सेवानिवृत शिक्षकों की याचिकाओं का निस्तारण कर याचिकाकर्ताओं को विभाग को प्रतिवेदन देने के दिये निर्देश। साथ ही विभाग को तीन माह में प्रतिवेदन पर विधिसंवत कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रार्थी पक्ष की ओर से एडवोकेट लक्ष्मीकान्त शर्मा ने की पेरवी।

16 गोवंश कराया मुक्त

मालपुरा (निस) मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के पचेवर थानान्तर्गत चावण्डियां गांव के पास गौरक्षा दल व गोरक्षक हिन्दु दल ने ट्रक को रोक 16 गोवंश को कराया मुक्त। सूचना पर पहुची पचेवर थाना पुलिस को गोरक्षकों ने बताया कि जरिये मुखबीर के इस्लामपुरा से गौवंश से भरा ट्रक एमपी जाने की सूचना के बाद चावण्डिया गांव के पास ट्रक को रोककर देखा तो 16 गौवंश जीवित व एक नन्दी मृत अवस्था में मिला। ट्रक में बैठे दो लोगो को पकड पचेवर पुलिस के सुपूर्द किया गया।

किशनगढ़ बास में कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन

किशनगढ बास। आदर्श विद्या मंदिर किशनगढ़ बास के खेल मैदान पर 35 वीं क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता के शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी भाजपा नेत्री आशा गुप्ता व क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री विद्या भारती मा. गोविंद कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

आदर्श विद्या मंदिर मीडिया प्रभारी पवन मिश्रा ने बताया विद्या भारती विद्यालय आदर्श शिक्षा समिति अलवर की 35वीं क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को किशनगढ बास आदर्श विद्या मंदिर में किया गया। इस प्रतियोगिता में भारती शिक्षण संस्थान के जयपुर जोधपुर चित्तौडगढ प्रांतों के अंतर्गत बटे जिलों से 18 टीमों ने भाग लिया है। कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में14 17 19 वर्ष की उम्र के भैया बहन है। आदर्श शिक्षा समिति अलवर के सचिव सतीश शर्मा ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया।

किशनगढ़ बास के आदर्श विद्या मंदिर में खेल प्रतियोगता के शुभारंभ पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष परमानंद लखयाणी (बीच में) को मोमेन्टो समिति के सदस्य कुंजी लाल अग्रवाल ने भेंट किया।

उद्घाटन समारोह के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री मां. गोविंद शर्मा ने अपने उद्बोधन अलग-अलग प्रांतों से खेलने आए खिलाड़ी भैया बहनों को शुभकामनाएं दी और कहा खेल को खेल की भावना से खेल और संस्कारवान खिलाड़ी बने। संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी ने बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। इस दौरान भाजपा नेत्री आशा गुप्ता ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। और नगर पालिका अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल ने विधिवत खेल की घोषणा की। इस अवसर पर समिति संरक्षक हरमेश खुराना, व्यवस्थापक अनिल खुराना, उपाध्यक्ष अमर सिंह नरूका, कोषाध्यक्ष सुरेश अठावाल, कुंजीलाल अग्रवाल, हेमंत भारती, उमेश व्यास, मानसिंह यादव ,सतीश महावर ,माध्यमिक विभाग के प्रधानाचार्य सुभाष नरूका प्रांतीय खेलकूद प्रमुख रोहिताश खेरिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

तीर्थ यात्रा योजना में चयनितों की लॉटरी निकाली

कोटपूतली-बहरोड़। राजस्व , उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी मंगलवार को कोटपूतली-बहरोड़ के दौरे पर रहे उन्होंने वरिष्ठ नागरिक जन तीर्थ यात्रा योजना के तहत चयनितों की लॉटरी निकाली तथा जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय विभागाधिकारियों से केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी की अध्यक्षता में कोटपूतली-बहरोड़ जिले की जिला स्तरीय समिति द्वारा लॉटरी निकाली गई, जिसमें 272 यात्रियों का रेल यात्रा के लिए तथा 54 यात्रियों का हवाई यात्रा के लिए चयन किया गया। इस प्रकार जिले से रेल व हवाई यात्रा के कुल 326 तीर्थ यात्रियों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया। गौरतलब है कि कोटपुतली-बहरोड़ जिले से 468 आवेदन से 734 यात्रियों ने आवेदन किया है। जिले की जनसंख्या के अनुपात में योजना में जिले का तीर्थ यात्रियों का कोटा 326 है, जिसमें 272 रेल का व 54 हवाई यात्रा का कोटा है। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने जिले से संबंधित सभी घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की और प्रत्येक घोषणा की स्थिति के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घोषणा के क्रियान्वयन को नियमित फॉलो किया जाए। चौधरी ने कहा कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में राज्य स्तर पर प्रक्रियाधीन प्रस्तावों संज्ञान में लाया जाए जिससे उनकी क्रियान्वित्ती में किसी भी प्रकार का विलंब ना हो तथा उनकी क्रियान्वित समय से हो सके जिससे आधारभूत संरचनाओं का विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा आम नागरिकों के हित में जनकल्याण के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही है जिनका संचालन का उद्देश्य अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य है इस उद्देश्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा रूट लेवल पर इनका प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें जिससे प्रत्येक पात्र परिवार तक इनका लाभ पहुंच सके।

सार-समाचार

वृद्धजनों का माला पहनाकर सम्मान

कोटपूतली। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जिला प्रशासन कोटपुतली । बहरोड तथा आदर्श जन कल्याण समिति कोटपुतली के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत समिति सभागार कोटपुतली में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर समाज कल्याण सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर समाज के अध्यक्ष हीरा लाल भूषण द्वारा की गई। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी गजराज सिंह यादव, शिव कुमार शर्मा, मोनू शर्मा, आदर्श जन कल्याण समिति के अध्यक्ष पुष्कर शर्मा और वृद्ध जन उपस्थित रहे। सभी वृद्ध जनों को माला व शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। गजराज सिंह ने बताया कि शेखस्पीयर के ड्रामा सेवन स्टेजेज ऑफ लाइफ में वृद्धावस्था को दूसरा बचपन बताया है तथा उन्होंने सभी वृद्धजनों को आपस में प्रेम और सौहार्द्र से रहने तथा जीवन यापन का संदेश दिया। मोनू शर्मा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चलाई जा रही वृद्धजन कल्याण की योजनाओं के बारे में बताया। शिव कुमार शर्मा ने विभाग की अन्य योजनाओं से अवगत करवाते हुए वृद्धजनों के प्रति संवेदनशील होने, उनका सम्मान करने एवं उन्हें सुरक्षा प्रदान करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित वृद्धजनों में सुभाष चंद्र शर्मा, संतराम कश्यप, पूरण मल चौहान, गंगाराम वर्मा, मूर्ति देवी, इमली देवी, अरविंद गौतम तथा अन्य वृद्धजन उपस्थित रहे। मंच संचालन ब्रज भूषण कौशिक द्वारा किया गया।

गांधीवादी तरीके से करेंगे प्रदर्शन

निवाई । अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत की टोंक जिला इकाई के जिलाध्यक्ष राजाराम जांगिड़ एवं महामंत्री प्रमोद स्वर्णकार ने बताया कि महासंघ प्रमुख महेंद्र सिंह, संरक्षक सियाराम शर्मा,प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र राना व विपिन प्रकाश शर्मा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कर्मचारी महासंघ 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के पर दोपहर सवा 2 बजे महासंघ द्वारा पूरे राज्य में गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गांधी वादी तरीके प्रदर्शन कर माननीय प्रधानमंत्री एवम मुख्यमंत्री को ज्ञापन भिजवाएंगे।

नवशारदीय नवरात्र कल से

निवाई । गुरूवार को घर-घर में नवरात्र पर्व को लेकर घट स्थापना की जाएगी। नवशारदीय नवरात्रा को लेकर श्री कंकाली माता मंदिर में विशेष तैयारियां की गई हैं। माताजी के मंदिर को भव्य रूप से विद्युत लाईटों से सजाया गया है। मंदिर के पीछे रक्तांचल पर्वत पर भी रंगीनी रोशनी की गई है। इसी प्रकार शहर के बडा बाजार में स्थित चारभुजानाथ मंदिर, बावडी वाले बालाजी, मोरिया वाले बालाजी, भगवान गौरीशंकर महादेव मंदिर, श्री चिंताहरण गणेश मंदिर, कृषि मंडी स्थित भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर, बरथल पहाडी पर स्थित मां ज्वालामुखी माता मंदिरए मां ब्राह्मणी मंदिर, छोरिया बालाजी, बूढला बालाजी, श्री महर्षि गौतम आश्रम 80 फीट रोड, लुहारा धाम बालाजी मंदिर व श्याम मंदिर सहित सभी देव स्थानों को सजाया गया है। गुरूवार को शुभ मुर्हुत के अनुसार घट स्थापना की जाएगी।

प्रतियोगिता के लिए 6-6 छात्राओं का चयन

पावटा । 68वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सत्र 2०24 25 में प्रतियोगिता हेतु राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूरी भडाज पावटा में 17 वर्ष एवं 19 वर्ष दोनों में 6-6 बालिकाओं का चयन हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता श्री रामजीलाल स्वर्णकार राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुहेर डीग में 4 अक्टूबर 2०24 से 1० अक्टूबर 2०24 तक आयोजित होगा। जिसमे 17 वर्षीय छात्रा मे अंजू स्वामी पुत्री मदन स्वामी, बाला स्वामी पुत्री कजोड स्वामी, अनीता स्वामी पुत्री रामस्वरूप स्वामी, मनीषा स्वामी पुत्री बाबूलाल स्वामी, मनीषा स्वामी पुत्री रामनिवास स्वामी, पायल स्वामी पुत्री मोहनलाल स्वामी, 17 वर्षीय छात्रा मे पूजा स्वामी पुत्री रोहिताश स्वामी, ममता स्वामी पुत्री कजोड स्वामी, शालू यादव पुत्री भींवाराम यादव, रोशनी स्वामी पुत्री यालीराम स्वामी, प्रियंका यादव पुत्री भींवाराम यादव, पूजा स्वामी पुत्री महेश स्वामी का राज्य स्तरीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। ये सभी छात्राएं दोनों वर्ग में कोटपूतली बहरोड जिले का प्रतिनिधित्व कर जिले एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगी।

रामलीला का मंचन 3 से

टोंक। नगर परिषद टोंक आयुक्त द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार 3 से 12 अक्टूम्बर तक रामलीला मंचन का भव्य आयोजन किया जायेगा। जिसमें गणेश पूजन के साथ राम जन्म, विश्वामित्र आगमन व ताडका, मारीच, सुबाहु उधार जैसे नाट्य दृश्यों के साथ 7 अक्टूम्बर को राम बरात जो आकर्षक लवाज में हाथी घोडे कच्चर-घोडे, कालबेलिया नृत्य व मनमोहक आतिशबाजी तथा बैड बांजो के साथ बरात निकाली जायेगी। रामलीला मंचन पर तोरण एवं सम्मनीय अतिथियों के आतिथ्य में चारो भाईयों का विवाह सम्पन्न होगा, इसी तरह राम वनवास से लंका दहन तक के दृश्यों की नाट्य प्रस्तुती की जायेगी, तत्पश्चात 12 अक्टूम्बर को राम रावण सम्वाद व रावण, कुम्भकरण, मेघनाद के पुतलो दहन आकर्षक आतिशबाजी के साथ किया जायेगा।

'जल स्वावलंबन के कार्यों को गुणवत्ता से कराए'

दौसा । मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 की जिला स्तरीय समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के तहत जिन गांवों का चयन किया गया है, वहां कार्यों का अनुमोदन स्थानीय स्तर पर साधारण सभा में करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों का चयन किया जाए, उनको गुणवत्तापूर्ण एवं निश्चित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीना ने योजना के बारे में अवगत करवाते हुए कहा कि जिले की 76 ग्राम पंचायतों के 204 ठाामों का चयन किया गया है, चयनित ठाामों का बैठक में अनुमोदन करवाया गया। वाटरशेड अधीक्षण अभियन्ता हरिकेश मीना ने बताया कि एमजेएसए 2.0 के तहत कार्य योजना में मुख्य रूप से जल संग्रहण ढाचें आदि कार्य किए जाएंगे। बैठक में उपवन संरक्षक अजीत ऊंचोई, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं अन्य लाईन विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

बढ़ते महिला अत्याचार के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा

टोंक। जिला कांग्रेस कमेठी जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने राजस्थान में भाजपा सरकार के 10 माह के शासन में विफलताओं के कारण उत्पन्न जनसमस्याओं के निराकरण के लिए जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि प्रदेश में बढते महिला अत्याचार, दलित अत्याचार व बलात्कार की बढती घटनायें, अवैध खनन एवं बजरी परिवहन से जुडे भूमाफियों के विरूद्ध ठोस कार्यवाही की जाये, इसके साथ ही आमजन चिकित्सा, शिक्षा, बिजली, पानी जेसी मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर आमजन तृस्त है, सरकार इन सभी का निराकरण करने में विफल रही है। जनहित में आप निर्णय ले अन्यथा कांग्रेस पार्टी को मजबूर होकर सडको पर उतरना पडेगा।

कांग्रेस ने मनाया डोटासरा का जन्मदिवस : राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेठी टोंक द्वारा गौ-सेवा कर जन्मदिन मनाया गया एवं डोटासरा की दीर्घआयु व सुखी मंगलमय की कामना की गई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी, पूर्व विधायक कमल बैरवा, दिनेश चौरसिया, ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद कैलाशी देवी मीणा, सेवा दल जिला अध्यक्ष अब्दुल, खेल पीसीसी सचिव माया सवालका, सीपी श्रीवास्तव, सलीम नकवी, यूसुफ खान, अहसान बाबा, इम्तियाज खान, युवक कांग्रेस हंसराज गुंजल, जर्रार खान इत्यादि कार्यकर्ता मोजूद रहे।

राजनैतिक नियुक्तियों की मांग : केवट समाज के प्रदेशाध्यक्ष उमांशकर कहार ने यहां प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य में भाजपा सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। भाजपा संगठन ने भी प्रदेश व जिला स्तर की कार्यकारीणीयों में भी हमें कोई स्थान नही दिया गया है।

पावटा के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण, पार्किंग समस्या को लेकर बैठक

बैठक में उपखंड अधिकारी व व्यापारी मौजूद थे

पावटा। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में मुख्य बाजारों में अतिक्रमण, पार्किंग सहित अन्य समस्याओं को लेकर मंगलवार को पावटा पंचायत समिति के सभा कक्ष में उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय की अध्यक्षता में व्यापारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पालिका क्षेत्र के सभी प्रमुख व्यापारी संगठनों को बुलाया गया। जहाँ कस्बे के विभिन्न मार्गों, चौराहों एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण करने से यातायात की समस्या उत्पन्न होने और विकास कार्य प्रभावित होने की समस्या के निस्तारण और शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने व अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए व्यापारियों संग चर्चा की गई। इस दौरान कस्बे के सुभाष चौक पर हो रहे अतिक्रमण, सर्विस रोड पर बैंक के सामने वाहनो की पार्किंग के चलते जाम की समस्या, कस्बे के लाखुडी, रामलीला मैदान, सेठों का मोहल्ला मे पार्किंग व्यवस्था को लेकर व सर्विस रोड पर सुलभ शौचालय को लेकर व्यापरियों से चर्चा की गई। इस दौरान उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय, ईओ बसंत सैनी, चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, विमल गर्ग, स्वर्णकार समाज अध्यक्ष संतोष सोनी सहित व्यापारी मौजूद रहे।

■ पावटा के मुख्य रास्तों में अतिक्रमण होने से दिन में कई बार जाम लगता है

उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ने समस्याओं के निराकरण के लिए व्यापारियों संग चर्चा की ।

अस्पताल के बाहर वाहनों का जमावड़ा

सांभरझील, (निसं)। यहां उप जिला अस्पताल में मरीज को दिखाने के लिए आने वाले परिजनों को अपने वाहन खड़ा करने की कोई सुविधा नहीं है। मौसमी बीमारियों के आगमन के साथ ही यहां पर ओपीडी का आंकड़ा भी 800 से ऊपर चला जाता है। अस्पताल परिसर में अंदर परिसर इतना बड़ा नहीं है कि लोग अपने वाहन खड़ा कर सके, क्योंकि परिसर में ही पर्ची कटाने वालों और दवा निशुल्क लेने वालों की भीड़ लगी रहती है। अस्पताल के मुख्य दरवाजे के बाहर ही आने वाले लोगो को अपनी मोटरसाइकिल खड़ी करने करने के लिए मजबूर होना पड़ता हैं जिसकी वजह से रास्ता पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है और अनेक बार ऐसे मामले सामने आए हैं कि आपातकालीन स्थिति में रोगी वाहन फंस जाता है। कई बुजुर्ग महिला पुरुषों को जो की बीमारी की अवस्था में होते हैं उनके परिजन उन्हें गोद में उठाकर बाहर तक लाना पड़ता है। नगर पालिका के स्तर से वाहन पार्किंग के लिए कोई विकल्प नहीं खोजा गया है, ना ही पालिका की ओर से ऐसी कोई व्यवस्था की गई है ।